
# भीमताल झील

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

- भीमताल झील **उत्तराखंड** राज्य में **नैनीताल ज़िले (जिसे "भारत का झीलों का ज़िला" भी** कहा जाता है।**) की सबसे बड़ी झील** है साथ ही यह **कुमाऊँ क्षेत्र** की भी सबसे बड़ी झील है।
    - इसका नाम प्रसिद्ध महाकाव्य महाभारत के दूसरे **पांडव भीम** के नाम पर रखा गया है।
- यह एक **प्राकृतिक झील** है और इसकी उत्पत्ति का श्रेय **पृथ्वी की भू पर्पटी** के खिसकने के कारण उत्पन्न हुए **अनेक भ्रंशों** को दिया जाता है।
- यह **झील 1883 में ब्रिटिश काल** के दौरान बनाई गई थी और इस पर एक **चिनाई वाला बांध (Masonry dam)** बनाया गया है।
- झील के चारों ओर समृद्ध वनस्पति और जीव हैं और झील के चारों ओर पहाड़ी ढलानों पर देवदार और ओक के घने जंगल हैं।
    - **यह सर्दियों के महीनों में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों का निवास स्थान होता है।**
    - **क्षेत्र में पाई जाने वाली प्रसिद्ध प्रजातियों में बुलबुल, वॉल क्रीपर, एमराल्ड डव, ब्लैक ईगल और टैनी फिश उल्लू शामिल हैं।**
- **झील के केंद्र में एक द्वीप है** जिसे एक **मछलीघर (Aquarium)** के साथ पर्यटकों के आकर्षण के रूप में विकसित किया गया है।




**और पढ़ें:** [सूर्यधार झील](#)